भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 5194
उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 04 अप्रैल , 2022
14 चैत्र, 1944 (शक)

उत्तरी मुंबई को प्राचीन गुफाओं का संरक्षण और सौंदर्यीकरण

5194. श्री गोपाल शेट्टी:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने उत्तर मुंबई संसदीय क्षेत्र के बोरीवली दहिसर उपनगर में स्थित मंडपेश्रर गुफाओं सहित देश की सबसे प्राचीन धार्मिक गुफाओं को विकसित, संरक्षित और सौंदर्यीकरण करने के लिए कोई कदम उठाया है या कोई कदम उठाने का विचार है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार को इस संबंध में मार्च, 2022 में जन प्रतिनिधियों से भी अनुरोध प्राप्त हुए हैं;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ड.) इसकी अद्यतन स्थिति क्या है?

उत्तर
संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): जी, हां। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने उत्तरी मुंबई के बोरीवली में स्थित मंडपेश्रर गुफाओं सहित देश में सभी 3693 केंद्रीय संरक्षित स्मारकों के विकास, परिरक्षण तथा सौंदर्यीकरण के लिए कदम उठाए हैं।
(ग) से (ड.): जी, हां। माननीय सांसद श्री गोपाल चिनैय्या शेट्टी से उत्तरी मुंबई के बोरीवली, दहीसर उप नगर में स्थित मंडपेश्वर गुफाओं के विकास के संबंध में एक अनुरोध प्राप्त हुआ है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए मंडपेश्वर गुफाओं के सौंदर्यीकरण तथा विकास के लिए कदम उठाए हैं।